# कार्यालय – प्रधानाचार्य, रा0इ0का0 डोभालवाल, रायपुर, देहरादून–

E-Mail ID –gicdobhalwala01@gmail.com Mob. N0. –9410555046

पत्रांक– 325 /पुस्तकाल/ 2025-26 दिनांक 01/04/2025

सेवा में,

श्री रणवीर सिंह
पूर्व संयुक्त सचिव (CBSE)
संस्थापक
जयराम सिंह मेमोरियल शिक्षण एवं नारी उत्थान समिति
जनपद देहरादून

विषय– पुस्तकालय द्वारा छात्र/छात्राओं को स्वाध्याय एवं गुणवत्ता परख शिक्षा के सम्बन्ध में।

महोदय,

आपकी उपरोक्त संस्था द्वारा 2021–22 में एक पुस्तकालय हेतु पुस्तकें, आलमारियां एवं कुर्सियां उपलब्ध कराई गई है। इस पुनीत कार्य हेतु विद्यालय परिवार आपको कोटि–कोटिशः धन्यवाद ज्ञापित करता ळें आपके द्वारा प्रदत्त पुस्तकों, आलमारियों व कुर्सियों का छात्र/छात्राओं द्वारा शतप्रतिशत उपयोग किया जा रहा है। फलस्वरूप विद्यार्थयों का ज्ञानार्जन स्वाध्याय के माध्यम से हो रहा है। रूचि के साथ–साथ विद्यार्थियों में पुस्तकालय हेतु उत्साह परिलक्षित हो रहा है। चुंकि पुस्तकालय में प्रतियोगी परीक्षाओं की पुसतको को समायोजित किया गया है जिससे विद्यार्थियों को प्रतियोगी परिक्षाओं की पुस्तकों को पढ़ने का अवसर भी प्राप्त हो रहा है।साथ–साथ पुस्तकालय में धार्मिक, आध्यात्मिक पुस्तकों के समावेश से विद्यार्थियों में अपनी संस्कृति एवं पौराणिक विरासत को समझने का सुअवसर प्राप्त हो रहा है। छोटे बच्चों के मनोरंजन एवं मानसिक विकास हेतु आकर्षक चित्रों से परिपूर्ण एवं लघु कहानियों से पूरित छौटी–छोटी पुस्तकों से बच्चों में पुस्तकालय के प्रति अत्यधिक उत्सुकता दृष्टिगोचर हो रही है।

अतः विद्यालय के पुस्तकालय को परिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित बनाने हेतु विद्यालय परिवार पुनः आपको धन्यवाद प्रेषित करता है।

सधन्यवाद सहित।


प्रधानाचार्य
रा0इ0का डोभालवाला
देहरादून


# राजकीय इण्टर कॉलेज डोभालवाला देहरादून


## पुस्तकालय















प्रधानाचार्य
राजकीय इण्टर कालेज
डोभालवाला देहरादून